in th$_e$ country with the participation of public sector undertakings and non-resident Indians;

(b) what is the equity participation of PSUs and NRIs in the services;

(c) what is Government's assessment about their performance so far as the efficiency of PSUs is concerned?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. K. THUNGON): (a) to (c) As per available information, one joint venture company namely Management and Technology Applications (India) Ltd. with equity participation of 51 per cent by an NRI Company namely iManagement and Technologies International Inc. USA and balance 49 per cent contributed equally by six Indian Public Sector Undertakings, was set up in July, 1987 for rendering specialised management and technological services for improving the performance of public sector enterprises in India. However, the company has not been able to make any headway In providing[1] consultancy to public sector enterprises and has therefore not been in a position to contribute in any way towards the efficiency of the concerned public enterprises.

**खादी ग्रामोद्योग सेवाकर्मी एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा भेजा गया मांग पत्र**

2037. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गांधी आश्रम में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में सरकार को खादी ग्रामोद्योग सेवाकर्मी एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा भेजा गया कोई मांग पत्र प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है;

(ग) क्या भ्रष्टाचार को उजागर करने के कारण उनकी सेवा इस तथ्य के बावजूद श्री गांधी आश्रम (खादी भंडार) से समाप्त कर दी गई कि इस संबंध में उनका प्रतिवेदन सरकार के विचाराधीन है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है?

**उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०जे० कुरियन) :** (क) और (ख) सरकार को गांधी आश्रमों सहित विभिन्न खादी संस्थानों के कर्मचारियों से इन संस्थानों के प्रबन्ध के ढंग और सेवा शर्तों के विरुद्ध अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। सरकार ने इन कर्मचारियों की शिकायतों की जांच करने और उपयुक्त उपायों का सुझाव देने हेतु श्री के. सी. सीधिया की अध्यक्षता में एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है, समिति की रिपोर्ट की जांच की जा रही है।

(ग) और (घ) सरकार को खादी ग्रामोद्योग सेवाकर्मी एसोसिएशन के अध्यक्ष, श्री जितेन्द्र नाथ सिंह उर्फ संत जी से एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है जिसमें कहा गया है कि गांधी आश्रमों के कुछ कर्मचारियों और स्वयं उन्हें भी नौकरी से निकाल दिया गया है। सरकार का इन संस्थानों के प्रशासनिक मामलों पर कोई नियंत्रण नहीं है अत: सरकार इस संबंध में कोई कार्रवाई करने की स्थिति में नहीं है।

**श्री गांधी आश्रम और खादी की स्वयंसेवी संस्थाओं के कर्मचारियों की समस्याएं**

2038. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्री गांधी आश्रम और खादी की समस्त स्वयं सेवी संस्थाओं के कर्मचारी अपने वेतनमानों, सेवाशर्तों और अपनी संस्थाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार से संबंधित समस्याओं को लेकर संघर्षरत हैं और इस [illegible]